

## आईसीसी टी20 रैंकिंगः कोहली 10वें स्थान पर खिसके

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। भारतीय कप्तान विराट कोहली आईसीसी की सोमवार को जारी नवीनतम टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में 10वें स्थान पर खिसक गए हैं। हालांकि, उनके साथी लोकेश राहुल और रोहित शर्मा क्रमशरू दूसरे और 11वें स्थान पर बकरार हैं। कोहली (673 अंक) को एक स्थान का नुकसान उठाना पड़ा है। बता दें कि न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 मैचों की टी–20 सीरीज में वह 4 पारियों में 105 रन ही बना पाए थे।

दूसरी ओर, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में इंग्लैंड की 2–1 की जीत के दौरान दो अर्धशतक की मदद से 136 रन बनाने वाले कप्तान इयान मोर्गन कुल 687 अंक के साथ 9वें स्थान पर पहुंच गए हैं। पिंडली की चोट से उबर रहे रोहित बल्लेबाजी रैंकिंग में 662 अंक के साथ 11वें स्थान पर हैं। पाकिस्तान के बाबर आजम इस सूची में शीर्ष पर चल रहे हैं। आजम के 879 अंक हैं। राहुल 823 अंक के साथ दूसरे स्थान पर चल रहे हैं।

### गेंदबाजी में बुमराह 12वें नंबर पर

गेंदबाजी सूची में भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह वेस्ट इंडीज के तेज गेंदबाज शेल्डन जैक्सन के साथ संयुक्त 12वें स्थान पर हैं। दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के स्पिनर तबरेज शम्सी नौ स्थान की छलांग के साथ शीर्ष 10 में शामिल हो गए हैं। वह आठवें स्थान पर हैं। इंग्लैंड के स्पिनर आदिल राशिद दक्षिण अफ्रीका के एंडिले फेहलुकवायो को पछाड़कर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं।

# इंग्लैंड के खिलाफ डे–नाइट टेस्ट मैच 700 करोड़ के स्टेडियम में खेलने की संभावना

### इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली घरेलू सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच पिंक बॉल से खेलेगा

**क्रिकेट**





**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली अगले साल घरेलू सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच पिंक बॉल से खेलेगा जो 700 करोड़ की लागत से बने गुजरात के नए मोटेरा स्टेडियम में होने की संभावना है। इसके अलावा आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान भी भारत डे–नाइट टेस्ट मैच खेलेगा। बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने इसकी जानकारी दी।

पूर्व भारतीय कप्तान गांगुली ने कहा, 'हां, ऑस्ट्रेलिया में भारत डे–नाइट टेस्ट खेलेगा। जल्द ही इसकी औपचारिक घोषणा की जाएगी।' भारतीय टीम अक्टूबर में ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर जाएगी जहां चार टेस्ट, तीन वनडे और तीन मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी। इस डे–नाइट टेस्ट मैच की मेजबानी एडिलेड करेगा।

**इंग्लैंड से भी डे-नाइट टेस्टः** गांगुली ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ अगली घरेलू सीरीज का दूसरा टेस्ट भी पिंक बॉल टेस्ट होगा। यह मैच अहमदाबाद में निवनिर्मित सरदार पटेल स्टेडियम में होने की संभावना है। उन्होंने साथ ही कहा कि बोर्ड भविष्य में प्रत्येक सीरीज में एक डे–नाइट टेस्ट के आयोजन का प्रयास करेगा। भारत ने अपना पहला डे–नाइट टेस्ट पिछले साल नवंबर में बांग्लादेश के खिलाफ ईडन गार्डन्स में खेला था और आसान जीत दर्ज की थी।

**विराट ने दिए थे संकेतः** भारतीय कप्तान विराट कोहली ने भी पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सरजमीं पर तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले मैच से पूर्व कहा था, 'हम चुनौती के लिए तैयार हैं। फिर चाहे यह गाबा हो या पर्थ... यह हमारे लिए मायने नहीं रखता। यह किसी भी टेस्ट सीरीज का बेहद रोमांचक हिस्सा बन गया है और हम डे/नाइट टेस्ट खेलने के लिए तैयार हैं।' इस बीच पता चला है कि भारत आईपीएल के बाद श्रीलंका में तीन वनडे और तीन टी20 मैचों की सीरीज खेलेगा।

**पहले सीए ने दिया था ऑफरः** इससे पहले भारतीय टीम हमेशा पिंक बॉल टेस्ट खेलने से पीछे हटती रही थी। साल 2018–19 में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने उसे 4 टेस्ट मैच की सीरीज का एक टेस्ट पिंक बॉल से खेलने का ऑफर दिया था लेकिन तब टीम इंडिया ने इस बॉल से अनुभव न होने का कारण बताते हुए अपना हाथ पीछे खींच लिया था। साल 2015 में पहली बार पिंक बॉल टेस्ट की शुरुआत हुई थी। तब ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड ने पहला पिंक बॉल (डे–नाइट) टेस्ट मैच खेला था। इसके बाद पाकिस्तान, वेस्ट इंडीज, साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, श्रीलंका, जिम्बाब्वे आदि देशों ने पिंक बॉल टेस्ट की शुरुआत कर दी थी लेकिन टीम इंडिया ने साल 2019 के अंत से पहले टेस्ट के इस नए फॉर्मेट को स्वीकार नहीं किया था।

# भारत के न्यूजीलैंड दौरे के अंत तक नए चयनकर्ता चुन लिए जाएंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। बीसीसीआई की क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) के सदस्य मदनलाल ने कहा कि अगले महीने की शुरुआत में भारत के न्यूजीलैंड दौरे के अंत तक दो नए चयनकर्ता चुन लिए जाएंगे। भारत के पूर्व क्रिकेट रुद्र प्रताप सिंह और सुलक्षणा नाईक सीएसी के अन्य सदस्य हैं। इस समिति को सीनियर चयन समिति के अध्यक्ष एमएसके प्रसाद और उनके साथी सदस्य गगन खोड़ा के विकल्प ढूंढने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रसाद और खोड़ा का कार्यकाल खत्म हो गया है।

मदनलाल ने कहा, 'हमें 44 आवेदकों की सूची मिली है और न्यूजीलैंड दौरे के अंत तक दो



चयनकर्ताओं की नियुक्ति हो जानी चाहिए।' भारत के न्यूजीलैंड दौरे का अंतिम चरण शुक्रवार से दो टेस्ट की सीरीज के साथ शुरू होगा। यह दौरा पांच मार्च को खत्म होगा। राष्ट्रीय चयन समिति में देवांग गांधी, जतिन परांजपे और सरनदीप सिंह भी शामिल हैं। इन सभी का एक–एक साल का कार्यकाल और बचा है।

मनलाल ने कहा, 'इन आवेदकों में से कितनों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा इस पर अभी फैसला नहीं किया गया है।' आवेदकों में पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज अजित अगरकर और वेंकटेश प्रसाद भी शामिल हैं।

मदनलाल ने कहा, 'इस सूची में बड़े नाम शामिल हैं लेकिन यही सब कुछ नहीं है। हमें काम के लिए सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति को चुनना है और हमारा ध्यान इसी पर है। साथ ही बीसीसीआई की ओर से कोई जवाब नहीं मिला है कि क्षेत्रीय नीति को कायम रखना है या नहीं।' लक्ष्मण शिवरामकृष्णन, अमय खुरसिया और नयन मोंगिया ने भी समिति में दो पद के लिए आवेदन किया है।

## भारत के खिलाफ प्रो लीग मुकाबले से ओलंपिक की अच्छी तैयारी होगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** भुवनेश्वर। आस्ट्रेलियाई हाकी टीम के कप्तान अरान जालेवस्की ने कहा कि एफआईएच प्रो लीग में भारत जैसे मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ आगामी मुकाबलों से उनकी टीम को तोक्यो ओलंपिक की तैयारी करने में मदद मिलेगी। आस्ट्रेलिया ने दूसरे एफआईएच प्रो लीग में विश्व चौंपियन बेल्जियम से हारकर अपने अभियान की निराशाजनक शुरुआत की। विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज इस टीम ने हालांकि ग्रेट ब्रिटेन पर जीत के साथ वापसी की। टीम का सामना अब शुक्रवार और शनिवार को यहां भारत के खिलाफ होगा। रविवार रात को यहां पहुंचने के बाद तीन बार विश्व चौम्पियन रही टीम के कप्तान ने माना कि विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज भारतीय टीम को घरेलू मैदान में हराना चुनौतीपूर्ण होगा। जालेवस्की ने कहा, ''यह काफी अहम ओलंपिक साल है और मुझे लगता है कि अपने घरेलू मैदान से बाहर भारत का सामना करने से हमारी तैयारी अच्छी होगी।'' उन्होंने कहा, ''भारतीय टीम ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है, ऐसे में हम उनके खिलाफ खेलने का इंतजार कर रहे है। हमारे पास भी इस मुकाबले की तैयारी के लिए एक सप्ताह का समय है।

## न्यूज डायरी





### इमरान खान ने अनजान खिलाड़ियों पर जीत को बताया भारत की हार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान के नेता अकसर सोशल मीडिया पर ट्रोलर्स के निशाने पर आ जाते हैं लेकिन इस बार तो उसके पीएम इमरान खान ने ही भारत का नाम लिखकर तकनीकी तौर पर बड़ी गलती कर दी। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने सोमवार को सोशल मीडिया पर अपने देश की कबड्डी टीम को बधाई दी। क्रिकेट वर्ल्ड कप चौंपियन टीम के कप्तान रहे इमरान ने अपने बधाई संदेश में उन्होंने भारत का नाम लिखा जो तकनीकी तौर पर गलत है। दरअसल, जिस भारतीय टीम को पाकिस्तान कबड्डी में हराने का दावा कर रहा है, वह गैरआधिकारिक टीम है और पंजाब के कुछ खिलाड़ी उसमें खेलते हैं। पाकिस्तान ने रविवार को लाहौर के पंजाब स्टेडियम में इस फाइनल में अपनी जर्सी पर इंडिया लिखकर खेली इस टीम को 43–41 से मात देकर पहली बार खिताब जीता। जब इमरान ने भारत का नाम लिखकर ट्वीट किया तो कई भारतीयों ने उन्हें निशाने पर लिया और बताया कि इस खेल को इंटरनैशनल कबड्डी फेडरेशन से मान्यता भी नहीं है।

### टी20 वर्ल्ड कप में खेल सकते हैं एबी डि विलियर्स

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जोहानिसबर्ग। दुनिया के सबसे विस्फोटक बल्लेबाजों में से एक एबी डि विलियर्स के फैन्स के लिए खुश खबरी है। वह इस वर्ष होने वाले टी–20 वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका के लिए खेलते दिख सकते हैं, लेकिन इसके लिए उन्हें टीम के मुख्य कोच मार्क बाउचर ने एक शर्त रखी है। उन्होंने कहा है कि संन्यास ले चुके एबी डि विलियर्स को टी20 विश्व कप के लिए दक्षिण अफ्रीकी टीम में जगह देने पर तभी विचार किया जाएगा जब वह अच्छी फॉर्म दिखाएंगे और साबित करेंगे कि इस काम के लिए वह सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति हैं। पिछले साल दिसंबर में दक्षिण अफ्रीकी टीम का प्रभार संभालने के तुरंत बाद बाउचर ने कहा था कि वह डि विलियर्स सहित हाल में संन्यास लेने वाले कुछ खिलाड़ियों को मनाने की कोशिश कर सकते हैं कि वह ऑस्ट्रेलिया में अक्टूबर–नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए दक्षिण अफ्रीका टीम में वापसी करें।

### एशियन रेसलिंग चौंपियनशिप में खेलेगा पाकिस्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। मंगलवार से यहां शुरू होने वाली एशियाई कुश्ती चौंपियनशिप में भाग लेने के लिए चीन के पहलवानों को वीजा देने से मना कर दिया गया है। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के सहसचिव विनोद तोमर ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि चीन के 40 सदस्य दल को एशियाई कुश्ती चौंपियनशिप में भाग लेने के लिए नई दिल्ली आना था, लेकिन अब उन्हें वीजा देने से मना कर दिया गया है। तोमर ने कहा, 'उन्हें (चीन के पहलवानों को) वीजा नहीं मिला है और अब एशियाई कुश्ती चौंपियनशिप में भाग लेने का उनके पास कोई मौका नहीं है।' भारत ने कोरोना वायरस के खतरे को देखते हुए पिछले महीने 15 जनवरी को ही चीन के पहलवानों को वीजा जारी करना रोक दिया था। इसके बाद अंतरराष्ट्रीय ओलिंपिक समिति और यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग ने पांच फरवरी को वीजा की उम्मीद जताई थी।

### पिंडली की चोट से उबरी सानिया, दुबई ओपन में करेंगी वापसी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। भारत की स्टार टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा पिंडली की चोट से उबरने के बाद बुधवार को दुबई ओपन के साथ वापसी करेंगी। पिंडली के चोट के कारण सानिया को जनवरी में आस्ट्रेलिया ओपन के मुकाबले के बीच से हटना पड़ा था। तैंतीस साल की सानिया ने इस टूर्नामेंट के लिए फ्रांस की कैरोलिन गार्सिया के साथ जोड़ी बनाई है। यह जोड़ी महिला युगल के पहले दौर में बुधवार को रूस के एला कुद्रियावत्सेवा और स्लोवेनिया की कैटरीना सरेबोटनिक की जोड़ी से भिड़ेगी। सानिया ने कहा, ''चोट के कारण ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के बीच से हटना दुखद अनुभव था। विशेषकर तब जब आप लंबे ब्रेक के बाद वापसी कर रहे हों।